# प्रतिवेदन

## राष्ट्रीय खेल दिवस

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में महान हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार, 29 अगस्त, 2024 को प्रात: 07:30 बजे वाचस्पति भवन के प्रांगण में फिट इंडिया शपथ ग्रहण, बाह्य खेल एवं मनोरंजन गतिविधियाँ का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह द्वारा मेजर ध्यानचंद के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने उपस्थितों को फिट इंडिया की शपथ दिलायी। इसके पश्चात पैदल चलना, दौड़, नींबू दौड़, बोरी दौड़, रस्सी कूदना, प्लैंक चैलेंज आदि खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। समस्त खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बड़-चढ़ कर हिस्सा लिया।









इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील,

प्रयागराज केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. दिगंबर तंगलवाड, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे मंचासीन थे।

कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने किया तथा अतिथि अध्यापक प्रीति खोडे ने आभार माना।

कार्यक्रम में अनुसंधान अधिकारी डॉ. परिमल प्रियदर्शी, सहायक प्रोफेसर डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. प्रदीप, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. समरजीत यादव सहायक कुलसचिव राजेश अरोड़ा, क्रीडा समिति के सचिव विनोद वैद्य, सुरक्षा अधिकारी सुधीर खरकटे, राजीव पाठक, संगीता मालवीया, योग प्रशिक्षक नीतू सिंह, सुनिता तडस, हेमंत दुबे, मिथिलेश राय, हेमा ठाकरे, सत्यम अधिकारी, भूषण साल्वे, सुरेश यादव आदि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रिय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

भारत सरकार के स्वस्थ  भारत अभिमान (Fit India Movement ) के तहत
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्देशित
स्वस्थ भारत सप्ताह (Fit India Week)

# स्वस्थ भारत दौड़

**प्रतिवेदन**

महात्माा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वगविद्यालय में भारत सरकार के स्वस्थ भारत अभियान के तहत विश्वतविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वस्थ भारत सप्तारह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार, 29 जनवरी को प्रात: 07:30 बजे विश्वविद्यालय में स्वस्थ  भारत दौड का आयोजन किया गया। इस दौड़ मे सहभागिता हेतु ऑनलाइन पंजीयन लिंक का उपयोग किया गया था । इस स्वस्थ भारत दौड़ ( Fit India Run) में सहभागिता करने के लिए तहत कुल 106 विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक एवं शिक्षाकेतर कर्मचारियों ने पंजीयन कराया। स्वस्थ भारत दौड़ विश्वाविद्यालय के मुख्या प्रवेश द्वार से प्रारंभ होकर निराला प्रेक्षागृह, क्रीडा भवन, महिला छात्रावास होते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज प्रवेश द्वार तक 1.5 किलो मीटर दूरी पूरी करते हुए समाप्त हुई। इस दौड़ में लगभग सभी पंजीकृत प्रतिभागियों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए ऑन द स्पॉट भी पंजीयन कराया गया।  इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य विनोबा भावे ग्रामीण रूग्णालय, सावंगी मेघे, वर्धा, ई.एन.टी. विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रसाद देशमुख की गरिमायी उपस्थिति रही। इन्होंने हरी झंडी दिखाकर स्वस्थ भारत दौड़ का शुभारंभ किया। विशिष्ठ अथिति के रूप में अनुवाद एवं निर्वाचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह और विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया उपस्थित रहे। मुख्य अथिति डॉ देशमुख जी को शॉल, सूतमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।




**मुख्य अथिति डॉ. प्रसाद देशमुख जी को कुलसचिव महोदय द्वारा शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए व मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ**

मुख्य अतिथि का परिचय स्वस्थ भारत सप्ताह के संयोजक डॉ. विपिन कुमार पाण्डेत ने दिया। दौड़ में भाग लेने वाले धावकों में अतुल वैद्य, एम सी ए, भाषा विद्यापीठ ने प्रथम, रवि कुमार, उर्दू स्नातक ने द्वितीय तथा सुमित चौहान, प्रथम वर्ष, स्नातक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ पूरी करने वाले प्रथम 21 धावकों को प्रोत्साहन स्वरूप टी शर्ट भेंट की गयी। इस दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को दिशा-निर्देश देने का कार्य फिट इंडिया रन के सह-संयोजक डॉ. हिमांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के साथ प्रो. जर्नादन तिवारी, प्रो. बंशीधर पांडे, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, डॉ. योगेन्द्रप बाबू, डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. रणंजय सिंह, डॉ. हेमंत धामट, डॉ. अंजनी कुमार राय, बी. एस. मिरगे, प्रिती खोडे, सुनीता तडस एवं नीतू सिंह, राजीव पाठक, मिथिलेश सिंह आदि ने उपस्थित एवं सहयोग कर प्रतिभागियों का हौसला अफज़ाई किया। दौड़ के दौरान आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सुविधा हेतु डॉ हेमंत धामट एंबुलेंस के साथ कार्यक्रम के समाप्ति तक उपस्थित रहे। समिति के सभी सदस्य, कार्यक्रम हेतु मौजूद सुरक्षाकर्मी एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में तत्परता से कार्य किया। दौड़ पूरी होने के बाद मुख्य अथिति द्वारा टी-शर्ट भेंट कर राष्ट्रगान के साथ स्वस्थ भारत दौड़ कार्यक्रम की संपूर्ति की गई।




**विजेता धावकों को टी- शर्ट भेंट कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की संपूर्ति**

# महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## “राष्ट्रिय खेल दिवस” के अवसर पर

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

## (खेलो भारत)

---

## प्रतिवेदन

महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में राष्ट्रिय खेल दिवस के अवसर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण (खेलो भारत) कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एल. कारुण्यकरा ने कहा की विशविद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कदम उठाये जायेंगे और विशविद्यालय में राष्ट्रिय स्तर के खिलाडी तैयार करने की दिशा में सुविधाएं प्रधान की जाएँगी।

मंगलवार को प्रात: 07:30 विशविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा स्थल पर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रिय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में डिग्री कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन, हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल, अमरावती के सहायक प्रोफेसर डॉ. वायखोम केनेडी उपस्थित थे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कराटे, तायकांडो और बॉक्सिंग आदि के मादयम से बचाव के तरीको के प्रत्यक्षिक कराए।






मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कुलपति प्रो. कारुण्यकरा ने कहा की मेजर ध्यानचंद ने संघर्ष और मेहनत कर खेल की दुनिया में नाम कमाया। उनका जन्म दिवस सन 2012 से राष्ट्रिय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह दिवस स्वस्थ और समावेशी समाज के लिए खेल इस विषय पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की पुरे देश भर में मनाए जा रहे इस दिवस की ख़ुशी में विश्विद्यालय भी शामिल है। कार्यक्रम के प्रारंभ कुलपति प्रो. कारुण्यकरा ने मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। दिप प्रज्वलन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरी शर्मा ने किया तथा कार्यक्रम के संयोजक, दूरशिक्षा निदेशालय के प्रो. आंनद पाटिल ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस अवसर पर कुलसचिव कादर नवाज खान, कार्यक्रम के संयोजक, क्रीड़ा समिति के सचिंव सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेत आंबेडकर सहित अध्यापक, कर्मचारी एंव विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व योग दिवस

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 9वें विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने कहा कि योग चित्त को एकाग्र करने का साधन है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से ज्ञानात्मक क्रियाओं को एक साथ संपादित किया जा सकता है। इस वर्ष के योग दिवस का सूत्रवाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' है। हमें इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसका प्रचार-प्रसार विश्व भर में करना चाहिए। सामंजस्य होगा तो दुनिया स्वस्थ होगी और तभी हम इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगे। हमें योग के माध्यम से विश्व चेतना के सामंजस्य की निर्मिति करनी है। प्रो. शुक्ल ने कहा कि योग की महत्ता को दुनिया अपना रही है और योग की भाषा विश्व भर में गुंजायमान हो रही है। हमारे भीतर चैतन्य भाव जागृत होगा तभी वास्तविक आनंद की प्राप्ति होगी। इसीलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए।

विश्व योग दिवस का भव्य आयोजन बुधवार, 21 जून 2023 को विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद प्रांगण पर प्रात: 6:00 बजे से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रमौलि चैरीटेबल ट्रस्ट, वाराणसी की अध्यक्ष और प्रख्यात संस्कृत साधिका डॉ. लूसी गेस्ट, लंदन उपस्थित थी। प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट कार्यक्रम के संयोजक थे। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार योग प्रशिक्षक प्रा. आदित्य पुंड एवं प्रयोग निस्ताने, अमरावती के निर्देशन में प्राणायाम एवं योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में 24 जून तक योग प्राणायाम शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमें योग विशेषज्ञ डॉ. लूसी गेस्ट, डॉ. संजय चड़ावार, प्रो. सुशिम दुबे और अमितानन्द थेरो के समिश्र पद्धति से व्याख्यान होंगे। कार्यक्रम में सहभागिता करने का आह्वान विश्वविद्यालय की ओर से किया गया है।





